दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 15 नवंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 48

## महत्वपूर्ण एवं खास

### श्रीनगर में रात का तापमान शून्य से नीचे पहुंचा

**श्रीनगर (आरएनएस)।** आज श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान माइनस से नीचे चला गया, जबकि लद्दाख के द्रास शहर में शून्य से 12.2 नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस मौसम में पहली बार आज श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे चला गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि पहलगाम में शून्य से नीचे 3.5 डिग्री सेल्सियस और गुलमर्ग में शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लेह शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से 9.6 डिग्री सेल्सियस और कारगिल में शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में आज रात का न्यूनतम तापमान 11.8, कटरा में 10.8, बटोटे में 4.9, बनिहाल में 1.0 और भद्रवाह में 2.7 डिग्री सेल्सियस रहा। महीने के अंत तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। ऐसे में, इस अवधि के दौरान रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

### थल सेना अध्यक्ष इजरायल दौरे पर हुए रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** थल सेनाध्यक्ष जनरल एम. एम. नरवणे 15 से 19 नवंबर 2021 तक इजरायल दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। यह सेना प्रमुख का पहला इजरायल दौरा है। अपनी यात्रा के दौरान जनरल एम. एम. नरवणे इजरायल के वरिष्ठ सैन्य व असैन्य अधिकरियों से मुलाकात करेंगे, और वह भारत-इजरायल रक्षा संबंधों को अधिक प्रगाढ़ करने के तौर-तरीकों पर चर्चा करेंगे। सेना अध्यक्ष सुरक्षा प्रतिष्ठान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकों के माध्यम से इजरायल और भारत के बीच उत्कृष्ट द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाएंगे तथा रक्षा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। जनरल नरवणे सेवा प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे और इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के थल सेना मुख्यालय का दौरा करेंगे।

### अगले 7 दिन प्रभावित रहेगी ट्रेन की टिकट बुकिंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेलवे मंत्रालय की ओर से जारी सूचना में कहा गया है, कि आज मध्यरात्रि से अगले सात दिन ट्रेन की टिकट बुकिंग प्रभावित रहेगी। ऐसा यात्री सेवाओं को सामान्य करने और पूर्व-कोविड स्तरों पर चरणबद्ध तरीके से वापस लौटने के लिए किया जा रहा है। आगे जानिए कब से कब तक टिकट बुकिंग नहीं हो पाएगी। रेल मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 14 और 15-नवंबर की मध्यरात्रि से 20 और 21 नवंबर की रात तक ट्रेन की टिकट बुकिंग प्रभावित रहेगी। रात 23.30 बजे से सुबह 05.30 बजे तक 6 घंटे के लिए ट्रेन की टिकट बुकिंग नहीं हो पाएगी। मंत्रालय के मुताबिक, इन 6 घंटों (23.30 से 05.30 बजे तक) की अवधि के दौरान कोई पीआरएस सेवाएं (टिकट आरक्षण, वर्तमान बुकिंग, रद्दीकरण, पूछताछ सेवाएं आदि) उपलब्ध नहीं होंगी। पीआरएस सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी पूछताछ सेवाएं जारी रहेंगी।

# शहीद कर्नल और उनके परिवार का पार्थिव शरीर आज पहुंचेगा रायगढ़

## पूरे सैन्य सम्मान व राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

**रायगढ़।** मणिपुर आंतकी हमले में शहीद हुए रायगढ़ के होनहार कर्नल विप्लव त्रिपाठी, पत्नी अनुजा त्रिपाठी एवं पुत्र अबीर त्रिपाठी का पार्थिव शरीर कल सुबह 11.50 बजे वायुसेना के हेलीकॉप्टर से जिंदल एयरपोर्ट रायगढ़ आएगा। जहां जिला कलेक्टर, एसपी, विधायक व जनप्रतिनिधयों द्वारा उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देंगे। जिसके बाद शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी और उनके परिवार का पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान किरोडीमल कॉलोनी लाया जाएगा और फिर उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रामलीला मैदान में रखा जाएगा। वहीं स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में श्रद्धांजलि



कल सुबह दी जाएगी।

उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम की रूपरेखा जो सामने आई है उसके अनुसार शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पार्थिव शरीर के आने के बाद उन्हे पहले उनके निवास स्थान पर ले जाया जायेगा फिर आमजन के अंतिम दर्शन के लिए दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक रामलीला मैदान में रखा जाएगा।

रामलीला मैदान से अंतिम दर्शन के बाद उनका अंतिम यात्रा शहर के सत्तीगुड़ी चौक से स्टेशन चौक होते हुए श्याम टाकीज, सुभाष चौक, गद्दी चौक, हटरी चौक से गांजा चौक, चांदनी चौक से होते हुए सर्किट हाउस स्थित मुक्तिधाम अंतिम यात्रा पहुंचेगी। जहां पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### रायगढ़ चेम्बर ने माटी के लाल को प्रतिष्ठन बंद कर अंतिम यात्रा में शामिल होने की आहवान

छत्तीसगढ चेम्बर ऑफकामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास, प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल और नगर के गणमान्य जन सर्वश्री राजेन्द्र अग्रवाल (चेम्बर), राजेश अग्रवाल (चेम्बर), बजरंग महामिया, बजरंग अग्रवाल (जूटमिल) हिरा मोटवानी, आनंद नहाड़िया, पंकज गोयल, मनोज होंडा, प्रदीप श्रृंगी आदि ने रायगढ़ नगर के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी के बड़े सुपुत्र असम राइफल्स में पदस्त कर्नल विप्लव त्रिपाठी के निधन को दुःखद बताते हुए कहा कि उनके जैसे वीर सपूत का चला जाना देश की क्षति के साथ - साथ रायगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। हमारा, नगर के सभी व्यापारी बंधुगण से करबद्ध निवेदन है कि रायगढ़ के वीर सपूत विप्लव त्रिपाठी के अंतिम यात्रा में अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर शामिल हों। हम व्यापारी बंधुओं द्वारा रायगढ़ के माटी के लाल के लिए दी जाने वाली यह सही श्रद्धांजलि होगी।

## बस्तर सांसद दीपक बैज का धरना समाप्त

» एयर एलाइंस ने मानी यात्रियों की सभी मांगे

» कल स्पेशल विमान से यात्रियों को भेजेंगे जगदलपुर व रायपुर

» यात्रियों के रुकने खाने व आने जाने की भी व्यवस्था की जायेगी

**रायपुर/हैदराबाद (आरएनएस)।** ज्ञात हो की हैदराबाद एयरपोर्ट में बस्तर सांसद दीपक बैज ने यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए यात्रियों के साथ 3 घंटे से भी ज्यादा देर धरना दे डाला।

यात्रियों की असुविधा को देखते हुए सांसद बैज ने यात्रियों की मांगो को लेकर हैदराबाद एयरपोर्ट के अंदर यात्रियों के साथ ही धरना दे डाला यात्रियों की मांग रही कि उन्हें अलग से विमान सेवा मिले खाने,रहने व आने जाने की सुविधा मिले परंतु एयर एलाइंस ने बिना पूर्व सूचना के फ्लाइट केंसल की जानकारी यात्रियों को नही दी। और कहा पैसा रिफंड कर दिया जाएगा परंतु कोई सुविध नही मिलेगी। ऐसे में बहुत से यात्री ऐसे थे जो इलाज करवाने हेतु हैदराबाद



गए हुए थे उनके पास ना तो रुकने की सुविधा थी ना आने जाने की इस से यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई जिसे देखते हुए सांसद दीपक बैज ने यात्रियों के साथ उनकी मांगों को लेकर हैदराबाद एयरपोर्ट के अंदर ही धरना दे डाला। इस दौरान लगातार एयर एलाइंस के उच्च अधिकारियों से बस्तर सांसद की बात-चीत चलती रही लगभग 3 घंटे बाद अंततः यात्रियों का आक्रोश व सांसद के धरने को देख नतीजा यात्रियों के पक्ष पर निकला एयर एलाइंस को यात्रियों की बात माननी पड़ी। कल 10 बजे स्पेशल विमान से हैदराबाद से जगदलपुर व जगदलपुर से रायपुर भेजेंगे सभी यात्रियों को साथ ही रुकने,खाने व आने जाने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके बाद सभी यात्रियों के चेहरे में खुशी नज़र आई और सभी यात्रियों ने सांसद दीपक बैज जी का आभार प्रकट किया।

## महिला ने की अपने ही 2 बेटों की हत्या , फिर आत्महत्या करने की कोशिश

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** बाल दिवस के मौके पर एक मां दिव्या ने अपने चार और एक साल के दो बच्चों की हत्या कर दी और अपनी नसें काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह घटना रविवार सुबह केरल के पलक्कड़ जिले के शोरानूर में हुई। मृतक बच्चों के नाम अनिरुद्ध (4) और अभिनव (1) हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने बच्चों की हत्या करने वाले पलक्कड़ जिले के मांजाकंदथ की दिव्या को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नींद की गोलियां खाकर उसने अपनी नसें काट लीं। दिव्या के पति राजेश की दादी अम्मिनियम्मा ने भी अपनी नस काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस ने कहा कि वह खतरे से बाहर है।

दिव्या द्वारा उठाए गए चरम कदम की वजह घरेलू हिंसा को बताया जा रहा है।

पुलिस को संदेह है, कि ऐसा लगता है कि घर में झगड़े के बाद मां ने अपना आपा खो दिया और बच्चों को मार डाला। अगर कोई महिला अपने 4 और 1 साल के लड़कों को मारकर इतना बड़ा कदम उठा रही है, तो इसका मतलब है कि उसका दिमागी संतुलन खराब हो गया है या वह कुछ घरेलू मुद्दों को सहन नहीं कर पा रही है। पुलिस उसके पति की दादी द्वारा भी नस काट कर आत्महत्या करने की वजह समेत तमाम पहलुओं की जांच कर रही है।

## लखीमपुर खीरी हिंसा मामला : 8 गवाहों ने की सुरक्षा हटाने की मांग

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** लखीमपुर खीरी मामले में 90 प्रमुख गवाहों में से आठ चाहते हैं कि उनकी पुलिस सुरक्षा हटा दी जाए। इन गवाहों ने इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा है। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में तीन अक्टूबर को चार किसानों समेत कुल आठ लोगों की मौत हो गई थी।

पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले के 90 प्रमुख गवाहों में से प्रत्येक को सुरक्षा प्रदान की थी। अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक (एएसपी), अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आठ प्रमुख गवाहों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपनी सुरक्षा वापस लेने के लिए आवेदन जमा किए हैं। उनके आवेदन की सुरक्षा हटाने से पहले समीक्षा की जाएगी।

स्थानीय पुलिस ने उन गवाहों की पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया जो अपनी सुरक्षा हटाना चाहते हैं। 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया थाना क्षेत्र के बनबीरपुर गांव के पास एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था। घटना में दो भाजपा कार्यकर्ता शुभम मिश्रा और श्याम सुंदर, पत्रकार रमन कश्यप और एक ड्राइवर हरिओम मिश्रा सहित चार अन्य लोग भी मारे गए थे।

दो प्राथमिकी - पहली चार किसानों की हत्या के संबंध में और दूसरी चार अन्य की हत्या के संबंध में - तिकुनिया पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। मामले की जांच कर रही विशेष जांच समिति ने पहले मामले में आशीष मिश्रा समेत 13 और दूसरे मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## गड़चिरोली में हुए मुठभेड़ में 50 लाख का इनामी माओवादी सहित 26 माओवादीओं को जवानों ने मार गिराया

» मारे गए माओवादियों में 12 बड़े केडर के माओवादी शामिल

» भारी मात्रा में हथियार भी बरामद, सी 60 की बड़ी सफलता

**गढ़चिरौली (आरएनएस)।** प्रदेश की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में ग्यारहपत्ति के जंगलों में शनिवार 13 नवम्बर को हुए पुलिस माओवादी मुठभेड़ में 50 लाख का इनामी माओवादी सहित 26 माओवादियों को पुलिस सी 60 के जवानों ने मार गिराया है । वहीं मारे गए माओवादियों के पास से 28 नग हथियार भी बरामद किया गया है । मारे गए माओवादियों में बड़े केडर के 12 माओवादी भी शामिल हैं । पुलिस सी 60 के जवानों की माओवादियों के खिलाफ दूसरी बड़ी सफलता है । इस मुठभेड़ में सी 60 के चार जवान भी घायल हो गए थे, जिनका उपचार नागपुर में चल रहा है, सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है ।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के कोरची तालुका के ग्यारपत्ति कोटगुल के जंगलों में माओवादियों द्वारा शिविर लगाए जाने की खबर पुलिस को मिल चुकी थी । जिसके बाद माओवादियों के शिविर में हमला करने के लिए पुलिस की सी 60 की टीम तलाशी में निकल पड़ी, पुलिस की टीम जैसे ही माओवादियों के शिविर के पास पहुंची माओवादियों को इस बात की भनक लग गई और उन्होंने पुलिस पार्टी पर हमला बोल दिया । सी 60 के जवानों ने भी हमले का मुंह तोड़ जवाब देते हुए 26 माओवादियों को ढेर करने में बड़ी सफलता हासिल किया ,वही भारी मात्रा में बड़े हथियार भी बरामद किया ।

इस मुठभेड़ में 50 लाख के इनामी माओवादी मिलिंद उर्फ जीवा उर्फ दीपक भी मारा गया जो माओवादी दलम में सेंट्रल कमेटी सदस्य व एमएमसी इंचार्ज के रूप में कार्यरत था, इसके अलावा माओवादियों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग भी देता था । इसके अलावा सीसीएम रेंक 1, डीव्हीसीएम 2, कमांडर रेंक के 2, एसीएम रेंक 1, पीपीसीएम 4, सदस्य 4, 2 का पद निशिचित नही है । उपरोक्त मारे गए सभी बड़े केडर के माओवादी थे, इन पर महाराष्ट्र सरकार ने लाखों का इनाम घोषित कर रखा था । मारे गए माओवादियों में 20 पुरुष माओवादी और 6 माओवादी शामिल है । जिनमे से बड़े केडर के 6 माओवादी छत्तीसगढ़ के बस्तर से हैं ।

**मारे गए माओवादियों के पास से बरामद हथियार-** बारह घण्टे तक चले इस मुठभेड़ के थमने के बाद जवानों ने घटना स्थल पर सर्चिंग अभियान चलाया, इस अभियान में 26 माओवादियों के शव के साथ साथ 5 नग एके47, एक एके विथ यूबीजीएल, 9नग एसएलआर, 1 नग इंसास, 303 राइफल 3 नग, 12 बोर पिस्टल 9 नग, कुल छोटे बड़े मिलाकर 28 हथियार बरामद किया गया है ।

## अमित शाह ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुपति (आरएनएस)।** रविवार को होने वाली दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए बीती रात यहां पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के साथ मंदिर में पूजा की और पुजारियों का आशीर्वाद लिया।

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष सुब्बा रेड्डी और अन्य अधिकारियों ने केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने तिरुपति के पास रेनीगुंटा हवाईअड्डे पर शाह का स्वागत किया. वे सीधे पहाड़ी मंदिर में चले गए। पूजा के बाद शाह पद्मावती गेस्ट हाउस गए और रात के खाने के बाद वे सड़क मार्ग से तिरुपति गए, जहां वह एक स्टार होटल में ठहरेंगे।

शाह रविवार सुबह भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से नेल्लोर जिले के वेंकटचलम के लिए रवाना होंगे। वह अक्षरा विद्यालय, स्वर्ण भारती ट्रस्ट और मुप्पावरापु फाउंडेशन के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री दोपहर में तिरुपति लौटेंगे और दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेंगे। मुलाकात के बाद शाह उसी होटल में रुकेंगे।

## सीबीआई, ईडी निदेशकों के कार्यकाल को 5 साल तक बढ़ाने के लिए अध्यादेश

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** केंद्र सरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुखों के कार्यकाल को पांच साल तक बढ़ाने के लिए अध्यादेश लेकर आई है। इस समय दोनों केंद्रीय जांच एजेंसियों के निदेशकों का कार्यकाल दो वर्ष का है और अब अध्यादेशों के अनुसार, उन्हें अधिकतम तीन वर्ष का विस्तार मिल सकता है।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अध्यादेशों को मंजूरी दे दी है, क्योंकि संसद सत्र का सत्र अभी नहीं चल रहा है। वह इस तथ्य से संतुष्ट हैं कि ऐसी परिस्थितियां मौजूद हैं, जिनमें तत्काल कार्रवाई बहुत जरूरी है।

सीवीसी (संशोधन) अध्यादेश और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम अध्यादेश संसद के आने वाले शीतकालीन सत्र से पहले सीबीआई और ईडी के निदेशकों के कार्यकाल के विस्तार की अनुमति देने के लिए जारी किए गए हैं।

केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2021 में कहा गया है, जिस अवधि के लिए प्रवर्तन निदेशक सार्वजनिक हित में अपनी प्रारंभिक नियुक्ति पर पद धारण करता है, खंड (ए) के तहत समिति की सिफारिश पर और लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों के आधार पर कार्यकाल एक नियत समय के लिए बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते कि प्रारंभिक नियुक्ति में उल्लिखित अवधि सहित कुल मिलाकर पांच साल की अवधि पूरी होने के बाद ऐसा कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अध्यादेश, 2021 में सीबीआई निदेशक के संबंध में समान प्रावधान हैं और यह तुरंत लागू होता है।

## रक्षा मंत्रालय की नई सूची से अगस्ता वेस्टलैंड गायब, 6 कंपनियां ब्लैक लिस्ट और 13 सस्पेंड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के अगस्ता वेस्टलैंड में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद भारतीय रक्षा मंत्रालय ने अनुबंध फर्मों की एक नई सूची जारी की है। जिनके साथ 12 नवंबर तक सौदे पर रोक लगा दी गई है या उन्हें रोक दिया गया है या निलंबित कर दिया गया है। इस नई सूची में 6 फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया है जबकि 13 कंपनियों के साथ कारोबार रोक दिया है। रोचक बात ये है कि इस सूची में अगस्ता वेस्टलैंड का नाम नहीं है। रविवार को रक्षा मंत्रालय ने अनुबंध कंपनियों नई सूची जारी की। जिसमें छह कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जबकि 13 अन्य कंपनियों को कारोबार के लिए सस्पेंड कर दिया है। ब्लैक लिस्ट कंपनियों में सिंगापुर टेक्नोलॉजीज काइनेटिक्स लिमिटेड (एसटीके), इजराइल मिलिट्री इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आईएमआई), टीएस किसान एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, आरके मशीन टूल्स लिमिटेड (लुधियाना), राइनमेटल एयर डिफेंस (आरएडी), ज्यूरिख और कॉर्पोरेशन रक्षा (रूस) शामिल हैं।



हालांकि, सूची में अगस्ता वेस्टलैंड और इसकी मूल फर्म लियोनार्डो का नाम नहीं है, जिसे पहले फिनमेकेनिका कहा जाता था। सरकार ने 2014 में भविष्य के सभी सैन्य अनुबंधों से लियोनार्डो (तब इसका नाम फिनमेकेनिका रखा गया) पर प्रतिबंध लगा दिया था।

इस बीच 13 फर्मों के साथ कारोबार सस्पेंड कर दिया गया है। इनमें आईडीएस, ट्यूनीशिया, इंफोटेक डिजाइन सिस्टम (आईडीएस) मॉरीशस, आईडीएस इंफोटेक लिमिटेड मोहाली, एरोमैट्रिक्स इंफो सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़, शांक्स ओशनियरिंग इंटर स्पिरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इंटर स्पिरो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एक्सपर्ट सिस्टम्स, यूनिटेक एंटरप्राइजेज, केल्विन शामिल हैं। इंजीनियरिंग, एटलस ग्रुप ऑफ कंपनीज जिनमें एटलस टेलीकॉम और एटलस डिफेंस सर्विसेज, ऑफसेट इंडिया सॉल्यूशंस (पी) लिमिटेड और इसकी ग्रुप कंपनियां, पिलाटस एयरक्राफ्ट लिमिटेड स्विट्जरलैंड और वेक्ट्रा एडवांस्ड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (वीएईपीएल) शामिल हैं।

मंत्रालय के नई सूची से साफ है कि रॉल्स रॉयस और उसकी सहयोगी और सहायक कंपनियों और चेक गणराज्य की टाट्रा ट्रक नामक दो कंपनियों से खरीद को प्रतिबंधित कर दिया गया है।